Singrauli in Central India, to Government of India recently; and

(b) if so. what are the broad outlines thereof?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENERGY (SHRI VIKRAM MAHAJAN): (a) and (b). A detailed Project Report prepared by Soviet Experts has been handed over to the Coal India Limited in 1979.

The report envisages development of Jayant Open cast mine for targetted production of 10 million tonnes annum.

**गोविन्द सागर जलाशय का जल स्तर और भाखड़ा विद्युत केन्द्र की विद्युत उत्पादन क्षमता**

2162. **श्री चतुर्भुज** : क्या ऊर्जा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्ष भाखड़ा के गोविन्द सागर जलाशय का न्यूनतम जलस्तर 1675 फुट था जबकि इस वर्ष यह केवल 1665 फुट ही रहा और क्या इस जलाशय के जल स्तर ने गत वर्ष के स्तर की तुलना में इस वर्ष दो सप्ताह पहले ही घटना शुरू हो गया है ;

(ख) भाखड़ा विद्युत केन्द्र की उत्पादन क्षमता कितनी और पिछले वर्ष वास्तव में कितना विद्युत उत्पादन हुआ तथा इस वर्ष कितना उत्पादन होने का अनुमान है ; और

(ग) इस बारे में सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और इस संबंध में क्या कार्यवाही की गई है अथवा किए जाने का विचार है ?

**ऊर्जा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विक्रम महाजन)** : (क) जी, हां ।

(ख) भाखड़ा कम्पलैक्स की प्रतिष्ठापित क्षमता, जिसमें बायां तट, दायां तट, गंगुवाल तथा कोटला बिजली घर शामिल हैं, 1204 मैगावाट है । 1-6-1979 से से 31-5-1980 तक की अवधि के दौरान उत्पन्न की गई विद्युत की मात्रा 6271 मिलियन यूनिट थी । जलाशय में उपलब्ध जल की मात्रा से, 1-6-1980 से 31-5-1981 तक की अवधि के दौरान 5743 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन होने की संभावना है ।

(ग) सिंचाई और विद्युत की आवश्यकताओं के लिए उपलब्ध जल का इष्टतम उपयोग करने की दृष्टि से, जलाशय से वास्तविक रिलीजों के मामले में भाखड़ा तथा व्यास प्रबंध बोर्ड सभी भागीदार राज्यों के साथ समय-समय पर परामर्श करता है ।

**गुजरात और असम को कच्चे तेल और गैस पर रायल्टी का भुगतान**

2163. **श्री चतुर्भुज** : क्या पेट्रोलियम, रसायन और उर्वरक मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गुजरात और असम सरकारों को कच्चे तेल पर रु० 42/-प्रति दिन और प्राकृतिक गैस की कीमत का 10 प्रतिशत रायल्टी के रूप में भुगतान किया जाता है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि दोनों राज्य सरकारों ने रायल्टी की राशि में संशोधन के लिए अभ्यावेदन दिया है; और

(ग) यदि हां, तो इसकी मुख्य-मुख्य बातें क्या हैं और प्रत्येक पर सरकार की प्रतिक्रिया क्या है और उन पर क्या कार्यवाही की गई है ?

**पेट्रोलियम रसायन और उर्वरक मंत्री (श्री प्रकाश चन्द सेठी)** : (क) जी, हां ।